दिनांकः 22.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बीकानेर से 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- राज्य को हरा–भरा बनाने के लिए आगामी मॉनसून सीजन में 25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया जाएगा।
- समूचा प्रदेश प्रचंड गर्मी की चपेट में–श्रीगंगानगर में पारा 47 डिग्री के पार पहुंचा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बीकानेर के पलाना से 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सुबह सभा स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आज प्रदेश को भी कई सौगात देंगे। एक रिपोर्ट –

000

प्रधानमंत्री आज ही देशनोक रेल्वे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 18 राज्यों के 86 जिलों के पुनर्विकसित किये गये 103 स्टेशनों का उद्घाटन भी करेंगे। श्री मोदी बीकानेर–मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए 13 सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि 2027 तक ऐसे लगभग पांच सौ स्टेशन का विकास कार्य पूरा हो जाएगा।

000

प्रधानमंत्री आज जिन रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, उनमें राजस्थान के आठ स्टेशन–बूंदी, मांडलगढ़, गोगामेड़ी, गोविंदगढ़, मंडावर–महुआ रोड़, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ़ शामिल हैं। हमारे भीलवाडा संवाददाता ने बताया कि चार करोड़ रुपये की लागत से इस स्टेशन का कायाकल्प करते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार किया गया है।

000

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और अश्विनी वैष्णव मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री का देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करने का कार्यक्रम है।

000

प्रदेश को हरा–भरा बनाने के लिए आगामी मॉनसून सीजन में 25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए वन विभाग की ओर से विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल इन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आने वाले समय को पर्यावरण के लिए चुनौती बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए। श्री दिलावर ने बताया कि पौधरोपण के लिए मनरेगा के माध्यम से गढ्ढे खुदवाए जाएंगे। पौधरोपण अभियान एक जुलाई से शुरू होगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो फेज–2 की डीपीआर को मंजूरी दे दी है। अब डीपीआर को केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भिजवाया गया है। केन्द्र सरकार की मंजूरी मिलते ही इस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि वर्ष 2025–26 के राज्य बजट में जयपुर मेट्रो के फेज–2 का काम शुरू करने की घोषणा की गई थी। इस पर लगभग 12 हजार 260 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। यह परियोजना जयपुर शहर के उत्तर–दक्षिण मुख्य ट्रांजिट कॉरिडोर टोडी मोड से प्रहलादपुरा तक प्रस्तावित है, जिसकी लंबाई लगभग 43 किलोमीटर होगी। इसमें कुल 36 स्टेशन होंगे। यह कॉरिडोर शहर के प्रमुख आवासीय, व्यावसायिक, शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों जैसे वीकेआई तथा सीतापुरा को आपस में जोड़ेगा।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया जाएगा। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा शाम 5 बजे ये नतीजे जारी करेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़ेंगे। बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि दसवीं कक्षा का परिणाम भी जल्द घोषित किया जाएगा।

000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का प्रदेशभर में जश्न मनाया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बाड़मेर जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। इसमें उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई शिरकत करेंगे। करौली में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। ये यात्रा माथुर स्टेडियम से शुरू होकर पुरानी कलेक्ट्री चौराहा पहुंचेगी।

इससे पहले कल चित्तौडगढ में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शामिल हुए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर आम लोग भी गर्व व्यक्त कर रहे हैं। बाड़मेर से हमारे श्रोता उमेश सिंह चौधरी ने अपने विचार कुछ यूं साझा किये।

000

समूचा प्रदेश प्रचंड गर्मी की चपेट में है। सात शहरों का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 47 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। वहीं पिलानी में 47 दशमलव 2 डिग्री, चूरू में 46 दशमलव 8, बीकानेर में 46 दशमलव 3, वनस्थली में 46 दशमलव 2, कोटा में 45 दशमलव 8, जैसलमेर में 45 दशमलव 4 और अलवर में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

विभाग ने आज बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभागों के कुछ हिस्सों में हीटवेव दर्ज होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कहीं–कहीं तेज लू चलने की आशंका है। आगामी 48 घंटों में तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढोतरी हो सकती है।

000